RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

जल्दी करने जा रहे, फिर से नया कमाल।
गांवों का भी करेंगे, शहरों जैसा हाल।
शहरों जैसा हाल, जरा भी मत घबराएं।
गांवों को दे रहे, सभी शहरी सुविधाएं।
कह साहिल कविराय, आप हैं बड़े सयाने।
जो कुछ हमने कहा, समझ लें उसके माने।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 336 | WEDNESDAY DATE 24-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए बना मिसाल, महिला नेतृत्व की बड़ी भूमिका : मोदी



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक ऐतिहासिक समझौता है और यह देश का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला एफटीए है। पीएम मोदी ने बताया कि इस एफटीए के लिए न्यूजीलैंड से बातचीत हेतु बनाई गई पूरी टीम की सभी सदस्य महिलाएं ही थीं। पीएम मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक आर्टिकल शेयर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते आज केवल शुल्क कटौती से कहीं अधिक हैं और यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। पीएम ने कहा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत का पहला महिला नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता है। वार्ता टीम में लगभग सभी महिलाएं शामिल थीं। यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो व्यापक आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोलता है। भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करके, सेवाओं और परिवहन में अवसरों का विस्तार करके और कृषि, निवेश एवं उभरते क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करके, यह समझौता अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ठोस और व्यापक लाभ प्रदान करता है। एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है। न्यूजीलैंड का मार्केट एक्सेस ऑफर एंट्री इनटू फोर्स (ईआईएफ) से न्यूजीलैंड की 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों (8,284 टैरिफ लाइनें) पर तुरंत ड्यूटी खत्म (जीरो ड्यूटी) हो जाएगी।

### भारत-न्यूजीलैंड एफटीए से भारतीय उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान, कृषि निर्यात से किसानों को होगा बड़ा फायदा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल, मरीन प्रोडक्ट्स, इंजीनियरिंग और एमएसएमई सेक्टर को बड़ी राहत मिल सकती है।



न्यूजीलैंड में टैरिफ कम होने से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी और भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा। साथ ही, इन क्षेत्रों में रोजगार भी बढ़ेगा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। यह बात मंगलवार को आयकर विभाग की पूर्व मुख्य आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी ने आईएएनएस से बात करते हुए कही। डॉ. शिखा दरबारी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच 20 अरब डॉलर के दीर्घकालिक व्यापार समझौते का उद्देश्य अगले 5 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है।

## संक्षिप्त खबरें



### ठंड से बचने कमरे में जलाई अंगीठी, दम घुटने से पांच लोगों की मौत

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी के कारण दम घुटने से पांच लोगों की मौत हुई। जानकारी के मुताबिक स्टर्लिंग रिसोर्ट में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान रात के समय एक कमरे में रंग रोगन करने वाले पांच मजदूर एक कमरे में सोए हुए थे। सुबह जब कमरे से कोई बाहर नहीं निकला, तब होटल स्टाफ की ओर से कमरे की खिड़की से देखा गया। कोई हरकत न होने पर पुलिस को बुलाया गया। मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शवों को भेजा गया। होटल के सुपरवाइजर उपेंद्र ने बताया कि सहारनपुर का ठेकेदार नूर अपनी लेबर के साथ पेंट का काम करने आया था। रात को वे कमरे में सोए थे। सुबह जब सफाई कर्मी ने उन्हें बताया कि इस कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है, तब उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से झांककर देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

### स्कूलों में 10 से कम छात्र 5149 सरकारी स्कूलों में एक भी छात्र नहीं

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के 65000 से अधिक सरकारी स्कूल ऐसे हैं ।जिसमे 10 से कम छात्र संख्या दर्ज है। वही 5149 स्कूलों में एक भी छात्र का नाम दर्ज नहीं है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार 70 फीसदी से अधिक शून्य नामांकन वाले स्कूल सबसे ज्यादा तेलंगाना और पश्चिम बंगाल राज्य में है। लोकसभा में कांग्रेस सांसद कीर्ति चिदंबरम और अमरिंदर सिंह राजा के सवालों के जवाब में यह लिखित जानकारी शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई है।

पिछले दो वर्षों में 10 या शून्य छात्र वाले स्कूलों की संख्या 24 फीसदी बढ़ गई है। 2022-23 में यह संख्या 52309 थी। जो 2024 25 में बढ़कर 65054 हो गई है। इन स्कूलों में 1.44 लाख से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। शिक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है, शिक्षा का विषय संविधान की समवर्ती सूची में है।

### लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कोहरे के कारण टकराए कई वाहन, दो की मौत, 10 घायल

**अमेठी, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** लखनऊ वाराणसी हाईवे पर मंगलम स्कूल के पास कोहरे के चलते हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 10 घायल हुए हैं। घने कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। यह हादसा लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग अमेठी रोड ओबरब्रिज पर चार ट्रक, एक कार व बस घने कोहरे की वजह से आपस में टकरा गई। तीन हाइड्रा, चार जेसीबी रेस्क्यू के लिए लगाई गई हैं।





### यूएई से भगोड़े रितिक बजाज को भारत लाया गया, सीबीआई ने इंटरपोल के जरिए कोऑर्डिनेशन किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांटेड भगोड़े रितिक बजाज को सफलतापूर्वक भारत वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कार्रवाई मंगलवार को पूरी हुई।

सीबीआई के मुताबिक, रितिक बजाज दिल्ली पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी और सप्लाई से जुड़े गंभीर अपराधों के लिए वांटेड था। आरोपी भारत से फरार हो गया था। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) नई दिल्ली की मेहनत से उसे यूएई में ट्रेस किया गया। इसके लिए सीबीआई ने 9 अक्टूबर 2025 को इंटरपोल के माध्यम से रितिक बजाज के खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया। सीबीआई ने एनसीबी बैंकॉक के साथ तालमेल बिठाकर आरोपी की यूएई यात्रा की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद एनसीबी अबू धाबी के साथ कोऑर्डिनेशन करके आरोपी का पता लगाया गया। सीबीआई के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम आरोपी को लाने के लिए यूएई गई और आज 23 दिसंबर को रितिक बजाज को साथ लेकर नई दिल्ली पहुंची। इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भगोड़े अपराधियों को ट्रैक करने और पकड़ने में मदद करते हैं।

## बीजेपी भारत के संस्थागत ढांचे पर कंट्रोल कर रही जो लोकतांत्रिक सिस्टम पर हमला

### राहुल गांधी ने जर्मनी में एक कार्यक्रम में केंद्र सरकार पर लगाए आरोप

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बीजेपी भारत के संस्थागत ढांचे पर कंट्रोल कर रही है, जिसे उन्होंने देश के लोकतांत्रिक सिस्टम पर हमला बताया है। जर्मनी के बर्लिन में हर्टी स्कूल में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों को राजनीतिक हथियार बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें एक लेन-देन हुआ है, जिसमें बिजनेस कम्युनिटी के कुछ लोग विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने के बजाय बीजेपी को आर्थिक मदद दे रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि न्यायपालिका, मीडिया और चुनाव आयोग जैसे संस्थानों की स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है। यह बयान उन्होंने जर्मनी के दौरे के दौरान एक संवाद कार्यक्रम में दिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर वैश्विक मंच पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्थानों पर सिस्टमैटिक तरीके से कब्जा किया जा रहा है और कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का चुनिंदा तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है उनके मुताबिक बीजेपी के खिलाफ असल में कोई केस नहीं हैं, जबकि ज्यादातर राजनीतिक केस सत्ताधारी पार्टी का विरोध करने वालों को टारगेट करते हैं।

## बिहार के लिए सौभाग्य की बात

### नितिन नबीन के दौरे पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

» पटना, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के बिहार आगमन को प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं में उत्साह है। बिहार के लाल को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।



पटना में आईएएनएस से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि नितिन नबीन के आने से पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। बिहार के लिए सौभाग्य की बात है कि नितिन नबीन राज्य के हैं। वे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने हैं, कई राज्यों के प्रभारी रह चुके हैं। उन्हें बिहार के लोग और कार्यकर्ता आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल चुनाव पर कहा कि भाजपा बंगाल जीतेगी। ममता बनर्जी बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं, लेकिन भाजपा कभी बंगाल को बांग्लादेश नहीं बनने देगी। बाबरी मस्जिद का जिक्र करने वाले लोग कहते हैं कि हुमायूं कबीर उनसे अलग हैं, लेकिन कबीर तो उन्हीं का है।

केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने नितिन नबीन के आगमन को बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि भाजपा का एक आम कार्यकर्ता इस पद तक पहुंचकर मिसाल कायम कर रहा है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को शुभकामनाएं। भगवान उन्हें पूरे देश में और बेहतर काम करने की शक्ति दें। भाजपा नेता नीतीश मिश्रा ने कहा कि पटना में कार्यकताओं का उत्साह देखने को मिल रहा है। नितिन नबीन का शानदार स्वागत किया गया है। भाजपा नेता मिथिलेश तिवारी ने कहा कि पूरा बिहार गदगद है।

## वायु प्रदूषण पर एलजी ने लिखी केजरीवाल को चिट्ठी, बोले–आपके कारण दिल्ली भयानक आपदा से गुजर रही

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उपराज्यपाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की राजनीति सिर्फ नकारात्मकता और तथ्यहीन प्रोपेगेंडा पर आधारित है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल लिखे पत्र में 56 बिंदुओं को रखा। इसमें उन्होंने प्रदूषण के मुद्दे को केजरीवाल की बड़ी बेपरवाही बताया। उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के साथ अपनी बातचीत का खुलासा किया। उन्होंने पत्र में लिखा, मैं मेरे और आपके (अरविंद केजरीवाल) बीच नवंबर-दिसंबर 2022 में हुई चर्चा की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा। गंभीर वायु प्रदूषण के बीच मैंने हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था। पंजाब के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की प्रति आपको भी भेजी थी। जब मैंने आपसे इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए इसके समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाने को कहा, तो आपने मुझसे कहा था, सर, यह हर साल होता है, 15-20 दिन मीडिया इसको उठाती है। एक्टिविस्ट और अदालतें इसका मुद्दा बनाते हैं और फिर सब भूल जाते हैं। आप भी इस पर ज्यादा ध्यान मत दीजिए। अब इससे अधिक दोहरा रवैया क्या होगा ? पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा, यह लगभग 11 साल की आपकी सरकार की अकर्मण्यता ही थी, जिसके कारण दिल्ली आज इस भयानक आपदा से गुजर रही है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आईआईटी दिल्ली की पहल, प्रयोगशाला में असली वैज्ञानिक की तरह काम करेगा एआई

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब प्रयोगशाला में असली वैज्ञानिक की तरह काम करेगा। आईआईटी दिल्ली ने दुनिया की पहली एआई लैब असिस्टेंट (एलए) प्रणाली विकसित की है, जो बिल्कुल मानव वैज्ञानिक की तरह प्रयोगशालाओं में स्वयं प्रयोग कर सकती है। यह प्रणाली आईआईटी दिल्ली ने डेनमार्क और जर्मनी के वैज्ञानिकों के सहयोग से विकसित की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम वैज्ञानिक अनुसंधान की दिशा को पूरी तरह बदलने वाला साबित हो सकता है। यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है।

अब तक चैटजीपीटी जैसे एआई मॉडल केवल टेक्स्ट लिखने या सवालों के जवाब देने तक सीमित थे, लेकिन एआई एलए इन सीमाओं को तोड़ता है। यह एआई प्रयोगों की योजना बना सकता है, वास्तविक उपकरणों को चला सकता है, माइक्रोस्कोप सेट कर सकता है, परिणामों का विश्लेषण कर सकता है और वैज्ञानिक की तरह निर्णय भी ले सकता है।

आईआईटी दिल्ली के पीएचडी शोधार्थी और इस शोध के प्रथम लेखक इंद्रजीत मंडल के अनुसार, पहले एटॉमिक फोर्स माइक्रोस्कोप की सेटिंग्स को सही करने में पूरा दिन लग जाता था, लेकिन अब एआई एलए वही काम सिर्फ 7 से 10 मिनट में कर देता है।

इस शोध का केंद्र एटॉमिक फोर्स माइक्रोस्कोप (एएफएम) रहा, जो एक अत्यंत जटिल वैज्ञानिक उपकरण है और पदार्थों को नैनो-स्केल पर जांचने में सक्षम है। एएफएम चलाने के लिए नैनोस्केल फिजिक्स की गहरी समझ, सतह की क्रियाओं का ज्ञान और रीयल-टाइम फीडबैक को नियंत्रित करने की क्षमता जरूरी होती है। ये सभी कौशल आमतौर पर वर्षों के अनुभव के बाद विकसित होते हैं, लेकिन एआई एलए इन्हें स्वयं सीखकर और ऑटोमेटिक निर्णय लेकर कार्य कर पा रहा है। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर नित्या नंद गोस्वामी ने कहा, इतने संवेदनशील और जटिल उपकरण को एआई द्वारा संचालित करना प्रयोगात्मक शोध की दुनिया में एक बड़ा बदलाव है।

हालांकि, एआई को वैज्ञानिक बनाना आसान नहीं रहा। शोधकताओं ने पाया कि जो एआई मॉडल सैद्धांतिक सवालों के जवाब देने में सक्षम थे, वे वास्तविक लैब स्थितियों में अक्सर गड़बड़ा जाते थे।

# शशि थरूर की तारीफ पर सांसद मनोज झा का तंज, बिहार का काम सिर्फ मजदूर सप्लाई करना

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बिहार सरकार की तारीफ किए जाने वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि आज भी बिहार दूसरे राज्यों को मजदूर सप्लाई करता है। राजद सांसद का यह बयान उस वक्त आया है जब बिहार के नालंदा पहुंचे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राज्य के विकास की जमकर सराहना की।

नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि शशि थरूर बहुत विद्वान नेता हैं, लेकिन थोड़ा सतह के नीचे जाकर देखते तो अच्छा होता। बिहार श्रम आपूर्ति का केंद्र बनकर रह गया है। महाराष्ट्र और गुजरात में निवेश हो रहा है, लेकिन बिहार में क्यों नहीं? हमारा काम सिर्फ मजदूर सप्लाई करना रह गया है। केरल से लेकर कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र तक। उन्होंने कहा कि शशि थरूर यह देख नहीं पाए या देखना नहीं चाहते।

राहुल गांधी के बर्लिन में चीन को लेकर दिए बयान पर भाजपा के आरोपों पर मनोज झा ने कहा कि सिर्फ इसलिए हंगामा क्यों हो रहा है कि राहुल गांधी ने यह कहा? क्या यह सच्चाई नहीं है? क्या विपक्ष के नेता या किसी भी राजनीतिक नेता को इस बात की चिंता नहीं होनी चाहिए कि जो चीजें हमारे देश में संभव थीं, वे चीन क्यों जा रही हैं? भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान ह्य2013 के नक्सली हमले में कांग्रेस के लोग शामिल थे, इस पर मनोज झा ने गंभीर आरोप बताते हुए जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर आरोप है। आप सरकार का हिस्सा हैं, अगर यह सच है तो सबूत पेश करें। सिर्फ राजनीतिक बयान देकर बात खत्म न करें। मैं फिर एक सीरीज के तौर पर सवाल पूछूंगा- पहलगाम में क्या हुआ? पुलवामा में क्या हुआ? आज तक हमें कुछ पता नहीं चला। हमने श्रद्धांजलि दी और अगले दिन से काम खत्म।



## भारत की जनता राहुल गांधी को कभी माफ नहीं करेगी : जफर इस्लाम

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

भाजपा प्रवक्ता जफर इस्लाम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की विदेशी धरती से भारत को बदनाम करने वाली टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता राहुल गांधी को कभी माफ नहीं करेगी। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जब-जब कांग्रेस को चुनाव में हार मिलती है, अभी बिहार में करारी हार मिली है तो यह भारत को बदनाम करने के लिए विदेश पहुंच जाते हैं। उन्हें मालूम है कि जनता जानती है कि कांग्रेस की हार के पीछे क्या वजह है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के बीच रहकर उनके लिए काम करती है, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता सिर्फ गांधी परिवार के प्रति समर्पित होते हैं। राहुल गांधी को आगे भी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि वे देश का नाम रोशन कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने अपने शासन में देश को गिराने का काम किया।



## हिंदू-मुस्लिम राजनीति से ऊपर उठे सरकार, बांग्लादेश के हालात पर भी दें ध्यानः इमरान मसूद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ देश के अंदर हिंदू-मुस्लिम राजनीति ही नजर आती है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो हो रहा है, उस पर उनका कोई ध्यान नहीं है। इमरान मसूद ने साफ कहा कि यह मामला सिर्फ हिंदुओं का नहीं है, बल्कि वहां सभी अल्पसंख्यकों को एक तरह से कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को लगता है कि हिंदू-मुसलमान सिर्फ भारत में ही हैं। बांग्लादेश में जो लोग परेशान हैं, जो माइनॉरिटीज हैं, उनकी तरफ सरकार की कोई सुध नहीं है। उनका कहना है कि बांग्लादेश में हालात लगातार खराब हो रहे हैं और वहां अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने हालिया दौरों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी पश्चिम बंगाल गए, वहां चुनावी भाषण दिए और असम गए, वहां भी चुनावी भाषण दिए। लेकिन, सवाल यह है कि बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू क्या हमारे रिश्तेदार नहीं हैं? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे यहां के हिंदुओं को तो देखते हैं, लेकिन उधर जो लोग मुश्किल में हैं, उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इमरान मसूद ने यह भी कहा कि पहले भी कांग्रेस ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। उन्होंने कहा कि जब हमने संसद में खड़े होकर प्रदर्शन किया था, तब जाकर भारत सरकार की आंख खुली थी। उस वक्त कांग्रेस ने मांग की थी कि कम से कम बांग्लादेश में भारत के राजदूत को बुलाकर वहां की सरकार को नोटिस तो दिया जाए और कड़ा संदेश भेजा जाए।

## जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षा से बनेगा विकसित भारत : राष्ट्रपति द्रौपदी

- राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी सिविल पुलिस और आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों को लोगों की सेवा की भावना से काम करना होगा। सेवा की यह भावना लोगों के बीच विश्वास पैदा करेगी।

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में ह्यजन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षाः विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारीह्व विषय पर आईबी शताब्दी एंडोमेंट लेक्चर को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह गर्व की बात है कि स्वतंत्रता के बाद से, आईबी भारत के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने में शानदार भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस लेक्चर का विषय जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षाः विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी हमारे देश के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक महत्व का है। आईबी सहित सभी संबंधित संस्थानों को हमारे लोगों के बीच जागरूकता फैलानी चाहिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सतर्क नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा में लगी सरकारी एजेंसियों के प्रयासों को जबरदस्त समर्थन दे सकते हैं। जब समुदाय के रूप में संगठित होते हैं, तो हमारे नागरिक बड़ी तालमेल हासिल कर सकते हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सरकार की पहलों का समर्थन कर सकते हैं। हमारा संविधान नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को सूचीबद्ध करता है। इनमें से कई कर्तव्य राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक आयामों से संबंधित हैं। छात्र, शिक्षक, मीडिया, निवासी कल्याण संघ, नागरिक समाज संगठन और कई अन्य समुदाय इन कर्तव्यों का प्रचार कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती है। सुरक्षा संकटों को टालने में अपने इनपुट के साथ पेशेवर बलों की मदद करने वाले सतर्क नागरिकों के कई उदाहरण हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा का एक विस्तारित अर्थ और रणनीति लोगों को केंद्र में रखती है। लोगों को अपने आसपास होने वाली घटनाओं के निष्क्रिय दर्शक नहीं रहना चाहिए। उन्हें अपने आसपास और उससे परे के क्षेत्रों की सुरक्षा में सतर्क और सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। जन भागीदारी जन-केंद्रित सुरक्षा की आधारशिला है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी सिविल पुलिस और आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों को लोगों की सेवा की भावना से काम करना होगा।

# कांग्रेस शासन काल में अरावली में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हुआ : भूपेंद्र यादव

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



अरावली पर्वतमाला को लेकर चल रही बहस और चचाओं के बीच केंद्र सरकार ने एक बार फिर अपना रुख स्पष्ट किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अरावली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा था।

इसी वजह से कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा था। मौजूदा याचिका भी उसी दौर की देन है। सरकार का कहना है कि अब सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद हालात पूरी तरह बदल गए हैं और खनन को केवल सतत, वैज्ञानिक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से ही आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि अरावली को बचाया जा सके।

अरावली को लेकर कुछ राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही तुलना पर भी सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। नर्मदा परियोजना को लेकर गुजरात में कभी जिस तरह के आरोप लगाए गए थे, वैसी ही स्थिति बताने को केंद्रीय मंत्री ने सिरे से खारिज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री का कहना है कि यह कांग्रेस के राजनीतिक माहौल में फैलाया गया एक और झूठ है, जिसे अब जनता समझ चुकी है।

कुडनकुलम परमाणु संयंत्र के समय विदेशी एजेंसियों और एनजीओ की भूमिका को लेकर उठे सवालों की तरह अरावली के मामले में भी भ्रम फैलाने की कोशिशों का आरोप लगाया गया है। केंद्रीय मंत्री का दावा है कि अरावली को लेकर कुछ राजनीतिक विरोधी जानबूझकर गलतफहमी पैदा कर रहे हैं, लेकिन यह प्रयास पूरी तरह नाकाम हो चुका है। सरकार पारदर्शिता और वैज्ञानिक सोच के साथ अरावली संरक्षण के लिए काम कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर भी स्थिति पूरी तरह साफ कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, कोर्ट ने अरावली में किसी तरह की छूट नहीं दी है। बल्कि पर्यावरण मंत्रालय के ग्रीन अरावली प्रोजेक्ट को मान्यता दी गई है और आईसीएफआरआई को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि जब तक पूरी वैज्ञानिक योजना तैयार नहीं हो जाती, तब तक कोई नया खनन नहीं होगा।

## अखलाक हत्याकांड में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की याचिका खारिज की, 6 जनवरी को अगली सुनवाई

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

ग्रेटर नोएडा के दादरी के बिसाहड़ा गांव में हुए चर्चित अखलाक हत्याकांड को लेकर एक बार फिर न्यायिक प्रक्रिया में बड़ा और अहम मोड़ आया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए शासन की ओर से दाखिल की गई याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस याचिका को आधारहीन और महत्वहीन बताते हुए स्पष्ट शब्दों में निरस्त कर दिया, जिससे यह साफ हो गया है कि इस संवेदनशील मामले में मुकदमे की सुनवाई जारी रहेगी। ग्रेटर नोएडा स्थित सूरजपुर कोर्ट में आज दादरी अखलाक मॉब लिंचिंग हत्याकांड से जुड़े अभियोजन पक्ष के केस वापसी के आवेदन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमा वापस लेने की अर्जी अदालत के समक्ष रखी गई थी। हालांकि, फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इस अर्जी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर यह याचिका न तो कानूनी रूप से मजबूत है और न ही न्याय के हित में है।

# जिला हिसार के स्कूलों में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 23 दिसम्बर। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन, जो कि भारत मे राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर जिला हिसार के विभिन्न स्कूलों में गणित विषय पर अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चार्ट मेकिंग, मॉडल मेकिंग , रंगोली, क्विज आदि के माध्यम से श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुट्ठी में विद्यार्थियों ने 1 से 5000 तक की अभाज्य संख्याओं से गतिविधि के माध्यम से सह अभाज्य, कजिन अभाज्य संख्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के गणित प्रवक्ता प्रशांत कुमार ने खेल के माध्यम से बच्चों को संख्याओं की जानकारी दी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नलवा में विद्यार्थियों ने स्किट में माध्यम से गणित के महत्व को समझाया विद्यार्थियों ने स्किट के माध्यम से बताया कि दूसरे विषयों जैसे विज्ञान , भूगोल आदि में भी गणित विषय की महत्वपूर्ण भूमिका है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहबलपुर में विद्यार्थियों ने मॉडल बनाकर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिलकपुर में गणित विषय पर क्विज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसौद बिचपडी में बच्चों ने नाटक के माध्यम से श्रीनिवास रामानुजन द्वारा संख्याओं के बारे में दी गई जानकारी को प्रदर्शित किया जिसे बच्चों ने रोचक तरीके से सीखा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक टोकस में बच्चों ने नाटक के माध्यम से बताया के गणित विषय के और कौन-कौन से विषय मित्र हैं उन्होंने बताया की किन-किन विषयों में गणित की आवश्यकता पड़ती है तथा अनेक विषयों में गणित की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है।







## गुरुग्राम के भोंडसी फार्महाउस पर छापा, 18 गिरफ्तार

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

गुरुग्राम पुलिस ने भोंडसी क्षेत्र के एलिगेंट फार्म बी-2, बेहलफा ग्रीन में छापा मारा, जहां विदेशी नागरिक और स्थानीय लोग अवैध शराब पार्टी और जुआ खेलते पाए गए। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) ने बताया कि फार्महाउस का मालिक और मैनेजर कथित तौर पर इस पार्टी का आयोजन कर रहे थे। पुलिस ने छापे के दौरान महंगी शराब की 24 पेटियां, बीयर की 16 पेटियां और लगभग 32 लाख रुपये नकद जब्त किए। पुलिस ने बताया कि सभी विदेशी नागरिक दिल्ली और फरीदाबाद में रहते थे और उनके पास वैध वीजा नहीं था। इस मामले में फार्महाउस मालिक, मैनेजर, दो बाउंसर और 16 विदेशी नागरिकों के खिलाफ फॉरेनर्स एक्ट, पंजाब एक्साइज (हरियाणा संशोधन) एक्ट, हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी विदेशी नागरिकों को जल्द ही निर्वासित किया जाएगा।

# ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से किया जाए हल



### उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने रात्रि ठहराव के तहत मिसरी गांव में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं


» हरियाणा, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत उपायुक्त डॉक्टर मुनीश नागपाल ने सोमवार देर शाम गांव मिसरी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ दरबार लगाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी मौजूद रहे। गांव के सरपंच ने उपायुक्त को गांव की समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने गांव में समुचित अवैध कब्जे, पेयजल, बिजली आपूर्ति, बेसहारा पशु आदि विभिन्न मांग रखी। उपायुक्त डॉक्टर नागपाल ने सभी मांगो को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करने, बिजली लाइनों को ठीक करवाने, प्लाट की पैमाइश करवाने, सो सो वर्ग गज के प्लाट दिलवाले, शॉर्ट सर्किट से जले सामान की भरपाई, सिंचाई के लिए खेतों में पानी, दिव्यांगता पेंशन बनवाने आदि विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई कर तुरंत प्रभाव से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। अधिकारी ग्रामीणों को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं से स्कूल परिसर के साथ-साथ गांव को भी गंदगी से मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव में स्वच्छता ग्रामीण पर ही निर्भर करती है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया और खेल को खेल की भावना से ही खेलने की अपील की। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को अपनाना जरूरी है। खेलों से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग, क्रीड विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, बिजली निगम आदि विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय से अपने भजन पार्टी के साथ प्रेरक भजनों से सरकार की योजनाओं के साथ-साथ ग्रामीणों से स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया।

## एआई ऐतिहासिक क्रांति, समकालीन मांगों के अनुसार शिक्षा में बदलाव जरूरी : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का कहना है कि भारत को आधुनिक, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समाज के विकास के तरीके को बदल रहा है। उन्होंने एआई को एक ऐतिहासिक क्रांति बताते हुए कहा कि शैक्षिक पाठ्यक्रम को लगातार समकालीन मांगों के अनुसार अनुकूलित करना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने तकनीक के रचनात्मक उपयोग की बात कही। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार तकनीक में आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य, कृषि और स्मार्ट सिटीज के लिए एआई में तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर जोर दिया। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय व एआईसीटीई ने नई दिल्ली में एआई इवोल्यूशन-द महा कुम्भ ऑफ एआई पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को इस कार्यक्रम में शिरकत की और यहां ये बातें कहीं। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नेताओं, नीति निर्माताओं, नियामकों, शैक्षिक विचारकों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य पर चर्चा की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन थे। वहीं दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि एआई का भविष्य अकेले नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने शिक्षा को मुक्ति की एक प्रक्रिया बताया और शैक्षिक मिशनों में एआई के जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया। उन्होंने आईपी यूनिवर्सिटियों की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और एआई-सक्षम शिक्षा में नई पहल के माध्यम से इस दिशा में अपनी क्षमता दिखाई है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना में वार्षिक उत्सव का भव्य आगाज!

» हरियाणा, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

आज ऑक्सफोर्ड स्कूल उकलाना के सभागार में स्कूल, के नन्हे-मुन्ने बच्चों के वार्षिक उत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों की प्रतिभा,प्रदर्शन, मेहनत और आत्मविश्वास का उत्सव है – जहाँ हर बच्चे की रचनात्मकता मंच पर एक नए रंग में झलकती है।




ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल परिवार सभी बच्चों, अभिभावकों और मेहनती शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन है, बल्कि उनके समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। इस कार्यक्रम में चेयरमैन श्रीमान सुशील सिंगला, वाईस चेयरमैन हरीश गर्ग,डॉ शम्मी नागपाल, अरुण गोयल रितु। उन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खूब प्रोत्साहित किया। नन्हे-मुन्नों को वार्षिक उत्सव की ढेर सारी शुभकामनाएँ! सभी अभिभावक गण ने इस कार्यक्रम की को प्रशंसा की ओर कहा यह टीचर और बच्चों की मेहनत और प्रस्तुति देखकर अत्यंत गर्व और खुशी का अनुभव हुआ।उम्मीद है कि हर वर्ष मंच पर इसी तरह चमकते रहेंगे और अपने माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन करते रहेंगे। डाक्टर सतीश भारती चेयरमैन आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने सभी बच्चों को हार्दिक बधाई,शुभकामनाएं दी और कहा कि ये बच्चों की लगन, प्रतिभा,शानदार प्रदर्शन और आत्मविश्वास ने आज मंच को जीवंत बना दिया है। हमें बच्चों पर गर्व ओर गौरव है। उन्होंने कहा

आपकी मेहनत और समर्पण ने इस उत्सव को वास्तव में यादगार बना दिया है।ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना की डायरेक्टर डॉ वीनू भारती ने कहा कि यह वार्षिक उत्सव बच्चों के जीवन का एक सुनहरा अध्याय है – एक ऐसा पल जो उन्हें प्रेरित करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करेगा।

इस कार्यक्रम के समापन पर प्रिंसिपल डॉ भुवनेश भारद्वाज ने आए सभी सम्मानित अतिथिगण अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी बच्चों की100% भागीदारी रही है, हमारी कोशिश रहती है कि इस प्रकार के कार्यक्रम में सभी बच्चों की भागीदारी रहे।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना की पूरी टीम बच्चों की सफलता और प्रगति के लिए निरंतर समर्पित है।

## सरकार मनरेगा का नाम बदलकर नए प्रयोगों से गरीबों का हक कम कर रही : सचिन पायलट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मनरेगा का नाम बदलने का विरोध किया और कहा कि नया विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी ग्रामीण रोजगार योजना को खत्म कर देगा। पायलट ने तर्क दिया कि नई योजना ग्रामीण रोजगार के अधिकार मनरेगा को कमजोर कर सकती है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मनरेगा जैसे स्थापित ढांचे के बजाय नए प्रयोगों से गरीबों का हक कम कर रही है।

कांग्रेस महासचिव पायलट ने केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा का नाम बदले जाने को ऐतिहासिक गलती और सबसे वंचित लोगों की आजीविका के अवसरों पर एक सुनियोजित हमला करार दिया है। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी पर नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस



नेताओं-सोनिया गांधी और राहुल गांधी को झूठा फंसाकर लगातार राजनीतिक प्रतिशोध लेने का भी आरोप लगाया। पायलट ने कहा कि भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक गलती की है। आजादी के बाद इतिहास में पहली बार राष्ट्रपिता के नाम पर शुरू की गई किसी योजना या कार्यक्रम का नाम बदला गया है। भारत में ग्रामीण भारत की वित्तीय सुरक्षा के लिए मनरेगा नामक जो एकमात्र नेटवर्क था उसे सरकार ने पूरी तरह नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को राज्य सरकारों, हितधारकों और नागरिक संस्था से बिना किसी चर्चा के रद्द कर दिया गया है और संसद का इस्तेमाल ह्यबहुमत की ताकतह्व दिखाने और कानून को जबरदस्ती पारित कराने के लिए किया गया।

बीजेपी पर 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में फंसाकर राजनीतिक प्रतिशोध लेने का आरोप लगाते हुए पायलट ने कहा कि कोर्ट ने कहा है कि वह ईडी द्वारा दायर मामले का संज्ञान नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो जाता है कि मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित था...हम निर्दोष साबित हुए हैं। इसके अलावा कांग्रेस की कर्नाटक यूनिट में पावर स्ट्रगल की अटकलों को कम करते हुए पायलट ने कहा कि सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी के शिवकुमार पूरी तालमेल से काम कर रहे हैं और पार्टी हाई कमान द्वारा लिया गया कोई भी फैसला सभी को मंजूर होगा।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### बोगस फर्म से व्यापार दिखा जीएसटी विभाग को लगाया 1.91 करोड़ का चूना

**कौशांबी, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** जीएसटी विभाग की समीक्षा में कौशांबी स्थित केशव इंडस्ट्रीज की तरफ से 1.91 करोड़ रुपये की आईटीसी चोरी की बात सामने आई है। मनोज कुमार तिवारी नाम के कारोबारी पर रद पंजीकरण वाली फर्मों से व्यापार होना दिखाकर विभाग से इनपुट टैक्स क्रेडिट रकम लेने का आरोप है। राज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त रोहित पांडे की तहरीर पर 21 दिसंबर की रात पुलिस ने मनोज तिवारी पर प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज मामले में जीएसटी के सहायक आयुक्त रोहित पांडे ने बताया कि केशव इंडस्ट्री की तरफ से विभाग में आईटीसी के लिए कपड़ों की खरीद व बिक्री के बिल लगाए गए थे।

### बिल्डर के बेटों को कंपनी में निदेशक बनाने का झांसा देकर 74.50 लाख हड़पे

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** लिंकरोड थानाक्षेत्र के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी बिल्डर अभिमन्यु सिंह ने कंस्ट्रक्शन कंपनी क्यू टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के मालिक कैलाश गिरी और उनके बेटे शशांक व आशुतोष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में कंपनी के चार अन्य अधिकारी भी नामजद किए गए हैं। सभी छह लोगों पर पीड़ित के बेटों व पत्नी को कंस्ट्रक्शन कंपनी में निदेशक बनाने और मुनाफे का झांसा देकर 74.50 लाख रुपये निवेश कराने के बहाने हड़पने का आरोप है। इसके अलावा तकादा करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगा है। पुलिस ने 21 दिसंबर को शुरूआती कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की है। दर्ज मामले में अभिमन्यु सिंह ने बताया कि कैलाश गिरी को वह पिछले करीब 10-15 वर्षों से जानते हैं। उनके दोनों बेटे संजय व संदीप कैलाश की कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर और प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

# प्रदूषण पर सरकार गंभीर, नियम तोड़ने वाले उद्योग होंगे सील, नो पीयूसी वाहनों को नहीं मिलेगा ईंधन

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**



दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ सरकार की ओर से और सख्ती बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 50 फीसदी वर्क फ्रॉम होम का पालन न करने वाली निजी कंपनियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे कार्यालय सील किए जाएंगे। सरकार ने तय किया है कि सुविधाएं जरूरी हैं, लेकिन नियम मानना भी सबके लिए उतना ही अनिवार्य है। नियम तोड़ने वाले उद्योगों को अब राहत नहीं मिलेगी और गैर अनुपालन पर तुरंत सीलिंग होगी।

सरकार ने हवा को साफ करने के लिए जो भी उपाय किए हैं, उसमें ढिलाई नहीं चाहती। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम सख्ती से लागू रहेगा। अभी तक 2 लाख से अधिक वाहनों की पीयूसी जांची है और सर्टिफिकेट जारी किए हैं। इनमें से करीब 10 हजार वाहन उत्सर्जन मानकों पर खरे नहीं उतरे। पीयूसी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सभी केंद्रों को आधुनिक मशीनों से अपग्रेड किया जा रहा है। जांच में पारदर्शिता लाने के लिए थर्ड पार्टी सिस्टम लागू किया जा रहा है और परिवहन विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। एएनपीआर कैमरों में तकनीकी खामियों की शिकायतों पर मंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग मामले को देख रहा है।

### धूल रोकने के उपाय किए तेज

मंत्री ने कहा, सड़कों पर धूल रोकने के लिए चौबीस घंटे सफाई और पानी का छिड़काव किया जा रहा है। लैंडफिल साइट्स पर बायो माइनिंग हो रही है। हर दिन करीब 35 हजार मीट्रिक टन कचरे की वैज्ञानिक प्रोसेसिंग हो रही है।

### 50 फीसदी जलाशय मूल रूप में लौटेंगे

मंत्री ने बताया कि सरकार शहर के जलाशयों को पुराने रूप में लाने के लिए काम कर रही। साल पहले कब्जा किए या उपेक्षित जलाशयों में से कम से कम 50 फीसदी को उनके मूल स्वरूप में वापस लाने का लक्ष्य तय किया गया है। ये जलाशय धूल कम करने और शहरी पर्यावरण को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### एमसीडी और डीपीसीसी जांच रहे अवैध उद्योग

प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ सोमवार से अभियान और तेज कर दिया गया है। मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी औद्योगिक इकाई वायु प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करती पाई गई, उसे तुरंत सील किया जाएगा। 31 दिसंबर तक ओईसीएम सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन नहीं करने वाले उद्योगों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। एमसीडी और डीपीसीसी मिलकर अवैध और अनधिकृत औद्योगिक यूनिट्स की पहचान कर रहे हैं और ऐसी सभी इकाइयों को बंद किया जाएगा।

## रांग साइड चल रही तेज रफ्तार कार रेलिंग से टकराई, दो घायल

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

गलत दिशा में चल रही तेज रफ्तार कार सोमवार रात करीब 12 बजे नेहरूनगर फ्लाईओवर पर रेलिंग से टकरा गई। इसके बाद कार दूसरी दिशा में चली गई। हादसे में कार सवार शिवम शर्मा निवासी खंडवाया बुलंदशहर और परम छाबड़ा निवासी लक्ष्मीनगर दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटनास्थल पर पहुंचीं परम छाबड़ा की रिश्तेदार आंचल ने बताया कि उनके भाई का जन्मदिन की पार्टी थी। दोनों युवक उस पार्टी में शामिल होकर वापस नोएडा जा रहे थे। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। कार सवार राजनगर की ओर से नेहरूनगर की ओर जा रहे थे। हादसे इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।

मौके पर पहुंचे राहगीरों ने दोनों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। शिवम के चेहरे और सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद शिवम को बाहर निकाला जा सका।

### करीब १० मीटर घिसटी कार

हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। इस समय रोड पर गाड़ियां काफी कम थीं। हादसा इतना भीषण था कि आवाज दूर तक सुनाई पड़ी। फ्लाईओवर पर जिस जगह कार रेलिंग से टकराई वह भी क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद बौनट का हिस्सा दूर-दूर तक बिखरा रहा।

## प्लाइवुड के गोदाम और सोसायटी के कमरे में लगी आग

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आकाश नगर में स्थित एम्पायर प्लाईवुड फर्म के गोदाम में शॉट सर्किट से अचानक आग धधक गई। आग की चपेट में आकर लाखों रुपये का सामान जल गया। उधर, पंचशील प्राइम रोज सोसायटी स्थित एक फ्लैट में भी आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। दोनों घटनाओं में मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि जनपद हापुड़ के त्रिलोकीपुरम में रहने वाले अयाज अहमद की आकाश नगर में प्लाईवुड का शोरूम और गोदाम है। 20 दिसंबर की रात को गोदाम में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने धुआं निकालने के लिए टीन शेट्स हटाए और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित अयाज अहमद ने बताया कि गोदाम में लाखों की कीमत की सनमाइका, अक्रेलीक शील, प्लाईवुड, रंग, पेंट, वार्निश और ब्रश जल गए। उधर, सोमवार की सुबह गोविंदपुरम स्थित पंचशील प्राइम रोज सोसायटी में टी-2 टॉवर स्थित राम सिंह के फ्लैट में अचानक आग लग गई।

## 48 घंटे बाद भी गार्ड के हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की जीएच-7 सोसायटी में सुरक्षाकर्मी पर जानलेवा हमला करने वालों को पुलिस वारदात के 48 घंटे बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सुरक्षाकर्मी का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस ने दो भाइयों सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घायल सुरक्षाकर्मी सौरभ के मुताबिक सोसायटी की समिति ने उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सोसायटी का स्टीकर लगाए बगैर किसी भी वाहन को गेट नंबर एक से प्रवेश नहीं देना है। ऐसे वाहनों को चालक और वाहन मालिक का सत्यापन करके गेट नंबर दो से प्रवेश देना होगा। रविवार की सुबह वह गेट नंबर दो पर तैनात थे, इसी दौरान काले रंग की स्कार्पियों में सवार अखिलेश चौहान और उसका भाई अनिल चौहान अपने चार पांच साथियों के साथ गेट पर पहुंचे। सौरभ ने उनका नाम और पता पूछा तो कार सवार भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर स्कार्पियो कार सवारों ने लाठी, डंडों और लात, घूंसों ने गार्ड सौरभ की पिटाई कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने गार्ड को लहूलुहान कर गाड़ी में डाल लिया और अपहरण का प्रयास किया। जानलेवा हमला और अपहरण के प्रयास की तमाम घटना सीसीटीवी में कैद है। इसके बाजवूद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं है।

## बंद घर में जुआ खेलते 12 गिरफ्तार, 3.50 लाख बरामद

**लोनी, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस ने सोमवार सुबह निठोरा रोड स्थित मुस्तफाबाद कॉलोनी स्थित बंद घर में छापा मारा। वहां से टीम ने जुआ खेलते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश की गड्डी और करीब 3.50 लाख रुपये बरामद हुए हैं। सभी के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को बंद मकान में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने जब छापा मारा तब शिकायत सही मिली। मौके पर 12 लोग जुआ खेलते हुए मिले। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम फैजान, रवि कुमार, शाह आलम, दानिश, वाजिद, शमीम, आसिफ, दानिश, प्रवेंद्र, आरिफ, शफीक और इमरान बताएं। इन्होंने बताया कि यह लोग आर्थिक लाभ कमाने के लिए बंद मकान में जुआ खेलते हैं। सभी आरोपी दिहाड़ी मजदूर या फिर अपना कारोबार करने वाले हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसे में छात्र समेत दो घायल

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**




इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अभयखंड गौर ग्रीन चौराहे पर 15 दिसंबर स्कूल से घर लौट रहे 16 वर्षीय छात्र आर्यन झा को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टीलामोड़ के भोपुरा निवासी आमिर को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। यह हादसा 14 दिसंबर को हुआ। दोनों ही मामलों में पुलिस ने 21 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात वाहन चालकों की तलाश शुरू की है।

खोड़ा निवासी कामिनी झा ने दर्ज मामले में बताया वह मूलरूप से बिहार के मधुबनी की रहने वाली हैं। 15 दिसंबर की दोपहर करीब 1:30 बजे उनका बेटा आर्यन झा स्कूल से घर आ रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार बाइक चालक ने बेटे को टक्कर मार दी। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में मौजूद दोस्तों ने बेटे को कौशांबी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

आरोपी चालक बाइक लेकर भाग गया। वहीं दूसरे मामले में अली शेर ने बताया कि उनका बेटा आमिर 14 दिसंबर को रात करीब 10.45 बजे एमके प्लेस के पास रिश्तेदार को लेने गया था। रोड किनारे खड़े होकर रिश्तेदार के आने का इंतजार कर रहा था। तभी दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनके बेटे को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बेटे को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया कि बेटे की हालत गंभीर है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि दोनों मामलों में टक्कर मारने वाले वाहनों को ट्रेस कर लिया गया है। आरोपी चालकों को जल्द हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

> खोड़ा निवासी कामिनी झा ने दर्ज मामले में बताया वह मूलरूप से बिहार के मधुबनी की रहने वाली हैं। 15 दिसंबर की दोपहर करीब 1:30 बजे उनका बेटा आर्यन झा स्कूल से घर आ रहा था।

## घरेलू कलह के बाद महिला ने पिया तेजाब, हालत गंभीर

**लोनी, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** घरेलू विवाद के चलते प्रेम नगर कॉलोनी निवासी नाजिम की पत्नी गुलनाज ने तेजाब पी लिया। शोर मचने पर परिवार के लोग व पड़ोसी दौड़े और तुरंत महिला को दिल्ली स्थित निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। वहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रेम नगर कॉलोनी में नाजिम परिवार के साथ रहते हैं। उनकी शादी गुलनाज से करीब छह वर्ष पहले हुई थी। पुलिस की पूछताछ में नाजिम ने बताया कि सोमवार सुबह पत्नी से घरेलू बात पर झगड़ा हो गया था। इसके बाद गुलनाज ने घर के शौचालय में रखा तेजाब पी लिया। जब उन्होंने पत्नी की चीख सुनी तब वह दौड़े और पड़ोसियों की मदद से उसे अस्पताल ले गए। महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। दोनों के दो छोटे बच्चे हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि महिला का इलाज चल रहा है। हालत स्थिर बनी हुई है। परिजनों की तरफ से अगर कोई लिखित शिकायत मिलती है तब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठगों ने दो लोगों के बैंक खाते से निकाले 2.50 लाख रुपये

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**



ट्रांस हिंडन जोन के खोड़ा थानाक्षेत्र स्थित दीपक विहार निवासी भरत राम का मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने तीन बार में 1.50 लाख रुपये निकाल लिए। वहीं लिंकरोड थानाक्षेत्र के साइट चार निवासी नीरज कुमार श्रीवास्तव के चालू बैंक खाते से ओवरड्राफ्ट कर ठगों ने पहले उनके बचत खाते में रकम ट्रांसफर की और उसके बाद एक लाख रुपये किसी तीसरे खाते में स्थानांनतरित कर दिए। मैसेज मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला। दोनों मामलों में पुलिस ने 21 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में कारोबारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 27 सितंबर को उनके ओवरड्राफ्ट खाते से बचत खाते में 50,000 रुपये स्थानांनतरित किए। कुछ देर बाद ही जालसाजों ने 50,000 रुपये एक्सेलोरा ट्रेडिंग प्राइवेट के खाते में भेज दिए। 28 सितंबर को इसी तरह ठगों ने दोबारा 50 हजार रुपये निकाल लिए। 24 अक्तूबर को जब उन्होंने ओवरड्राफ्ट खाता चेक किया तब ठगी का पता चला। बताया कि जिन फर्म के खातों में रकम भेजी गई है उनसे किसी भी तरह का लेनदेन नहीं है। 25 अक्तूबर को उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की थी। वहीं दूसरे मामले में भरत राम ने बताया कि 13 नवंबर को उनका फोन साइबर ठगों ने हैक कर लिया। इसकी वजह से वह न तो मैसेज पर क्लिक कर पा रहे थे और न ही कुछ शेयर। ठगों ने तीन बार में उनके बैंक खाते से 1.50 लाख रुपये निकाल लिए। उन्होंने तुरंत साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत की। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि दोनों मामलों की जांच साइबर सेल कर रही है। व्यापारी के खाते से जिन्हें रकम पहुंची है उन फर्मों का पता सत्यापन कर नोटिस भेजे जाएंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

++++++++++++++

# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, कम महंगाई और तेज विकास से मिला सहारा : आरबीआई गवर्नर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि दुनिया में कई आर्थिक चुनौतियां होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में तेजी से विकास करने को तैयार है। आरबीआई के दिसंबर बुलेटिन में गवर्नर ने कहा कि महंगाई के कम होने से सरकार और केंद्रीय बैंक को देश के विकास को बढ़ावा देने का अच्छा मौका मिला है। आरबीआई आगे भी देश की जरूरतों के अनुसार सही कदम उठाता रहेगा, ताकि आर्थिक स्थिरता बनी रहे।




उन्होंने कहा कि 2025 एक चुनौतीपूर्ण साल रहा, लेकिन इसके बावजूद हम इस साल की उपलब्धियों से संतुष्ट हैं। इस साल देश की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया, महंगाई नियंत्रण में रही और बैंकिंग व्यवस्था और मजबूत हुई। उन्होंने बताया कि बैंकिंग सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए नियमों में सुधार किया गया। इससे व्यापार करना आसान हुआ, ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ी और वित्तीय व्यवस्था बेहतर हुई।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, हम भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक समर्थन देने और देश की तरक्की के लिए एक नई उम्मीद, जोश और दृढ़ संकल्प के साथ नए साल में प्रवेश कर रहे हैं।

अक्टूबर में लागू हुई नीति के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था में महंगाई बहुत तेजी से घटी है और यह अभूतपूर्व रूप से निचले स्तर पर पहुंच गई है।

फ्लेक्सिबल इन्फ्लेशन टारगेटिंग (आईआईटी) को अपनाने के बाद पहली बार वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में औसत महंगाई दर 1.7 प्रतिशत रही, जो अब तक का सबसे कम स्तर है। अक्टूबर 2025 में यह और गिरकर सिर्फ 0.3 प्रतिशत रह गई।

दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जिसका कारण त्योहारी सीजन में ज्यादा खर्च और जीएसटी दरों में सुधार रहा। मल्होत्रा ने आगे कहा कि पहले छह महीनों में महंगाई 2.2 प्रतिशत और विकास दर 8.0 प्रतिशत रही, जो ह्यगोल्डीलॉक्स पीरियडह्व का संकेत है, यानी न ज्यादा महंगाई और न कम विकास। आने वाले समय में अच्छी खेती, कम महंगाई, मजबूत कंपनियां और बेहतर बैंकिंग व्यवस्था जैसे घरेलू कारक देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना-चांदी के बाद अब तांबा बनेगा निवेशकों की नई पसंद

**एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और ग्रीन एनर्जी बढ़ा रहे तांबे की मांग**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** साल 2025 में सोना और चांदी ने निवेशकों को हैरान करने वाला रिटर्न दिया, लेकिन अब तांबा निवेशकों की नजर में नया किंग बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में तांबे की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी), ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिफिकेशन की बढ़ती जरूरत तांबे की मांग को तेजी से बढ़ा रही है। वैश्विक तांबा बाजार में 2025 में लगभग 1.24 लाख टन और 2026 में 1.50 लाख टन की कमी रहने का अनुमान है। भारत में तांबे का एकमात्र प्रमुख उत्पादक हिंदुस्तान कॉपर है, जिससे सप्लाई सीमित बनी हुई है।

### नवंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि घटकर 1.8 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि नवंबर 2025 में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 5.8 प्रतिशत थी। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली के उत्पादन में कमजोरी इसके मुख्य कारण रहे। अक्टूबर में इन उद्योगों का उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा था। अप्रैल-नवंबर 2025-26 में आठ प्रमुख उद्योगों का कुल उत्पादन 2.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में वृद्धि 4.4 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि इस वर्ष उद्योगों की वृद्धि पिछली अवधि की तुलना में धीमी रही। नवंबर में कोयला और इस्पात उत्पादन में नरमी आई।

## अमेरिका में बनी कारों को घरेलू बाजार में बेचेगी टोयोटा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** जापानीज कंपनी टोयोटा साल 2026 से अमेरिका में बनी कुछ कारों को घरेलू बाजार में बेचेगी। टोयोटा के मुताबिक, अमेरिका में बने कैमरी सेडान, हाईलैंडर एसयूवी और टुंड्रा पिक-अप ट्रक को जापान में बिक्री के लिए पेश किया जाएगा। ये वाहन अमेरिका के केंटकी, इंडियाना और टेक्सास स्थित प्लांट्स में तैयार किए जाते हैं। कंपनी का कहना है कि इससे वह जापानी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकेगी और साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग भी बढ़ेगा। दरअसल, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में जापान से अमेरिका आने वाली कारों और ऑटो पार्ट्स पर भारी टैरिफ लगाए गए थे। इससे जापानी ऑटो कंपनियों पर काफी दबाव बढ़ गया था। टोयोटा का यह फैसला उसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है, जहां कंपनी अमेरिका के प्रति ह्यगुडविलह्व दिखाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, एक्सपर्ट्स मानते हैं कि यह रास्ता आसान नहीं होगा। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के ऑटो एनालिस्ट तात्सुओ योशिदा के अनुसार, कैमरी और हाईलैंडर जैसी गाड़ियां जापानी सड़कों और पार्किंग स्पेस के हिसाब से काफी बड़ी हैं। इसके अलावा, लेफ्ट-हैंड ड्राइव भी जापानी ग्राहकों के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है। अगर भविष्य में राइट-हैंड ड्राइव वर्जन पेश किए जाते हैं, तो मांग बढ़ने की संभावना बन सकती है।



## एमएसएमई के विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अहम भूमिका : पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अब मजबूत और प्रतिस्पर्धी बन चुके हैं और देश की आर्थिक तरक्की में निजी और विदेशी बैंकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एमएसएमई बैंकिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड्स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बैंकिंग सिस्टम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समय पर और पर्याप्त कर्ज देने में बहुत अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में एमएसएमई को मिलने वाला कर्ज हर साल औसतन 14 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, साथ ही कहा कि भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा।

मंत्री ने सभी संबंधित लोगों से कहा कि वे मिलकर एफटीए से मिलने वाले मौकों का पूरा फायदा उठाएं और दो देशों के बीच व्यापार को दोगुना, तिगुना और चौगुना करने का लक्ष्य रखें।



कर्ज को आसान बनाने के लिए सरकार की कई योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने मुद्रा लोन योजना (पीएमएमवाई) की बात की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 70 प्रतिशत लोन महिलाओं को मिले और इसमें किसी गारंटी की जरूरत नहीं थी।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना का भी जिक्र किया, जिसमें पहले 10,000 रुपए का लोन दिया गया, वहीं बाद में सही से किस्त चुकाने पर यह राशि 20,000 रुपए और 50,000 रुपए तक बढ़ाई गई। इससे छोटे दुकानदार और रेहड़ी-पटरी वालों को साहूकारों से कर्ज लेने से बचने में मदद मिली।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर माना जा रहा है, जो कि भारत के लिए आठ गुना विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि पिछले साल बैंकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। इससे यह साबित होता है कि बैंक ईमानदार लोगों को कर्ज देने में सक्षम हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के समय सरकार ने एमएसएमई लोन की गारंटी खुद ली, जिससे बिना किसी अतिरिक्त गारंटी के कर्ज मिल सका।

उन्होंने बैंकों से उदारतापूर्वक और जिम्मेदारी से कर्ज देने, लोन मंजूरी की प्रक्रिया तेज और साफ रखने, एमएसएमई को पूंजी और सही मार्गदर्शन देने का आग्रह किया, ताकि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

## टाटा नेक्सन हो रही प्रोजेक्ट गरुड़ के नाम से विकसित

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** हाल ही में ऑल-न्यू टाटा सिएरा को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलने के बाद टाटा मोटर्स कंपनी ने 2026 तक कई नए और अपडेटेड मॉडल लॉन्च करने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी में शामिल टाटा नेक्सन का नया अवतार भी शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नई जनरेशन टाटा नेक्सन को कंपनी आंतरिक रूप से ह्यप्रोजेक्ट गरुड़ह्व नाम से विकसित कर रही है। माना जा रहा है कि यह फेसलिफ्ट नहीं, बल्कि पूरी तरह नई जनरेशन होगी, जिसका डेब्यू 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में हो सकता है। हालांकि, कंपनी ने अभी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। नई नेक्सन को एक नए आर्किटेक्चर पर तैयार किया जाएगा, जो मौजूदा एक्स1 प्लेटफॉर्म का मॉडिफाइड वर्जन हो सकता है। यह प्लेटफॉर्म अलग-अलग बॉडी स्टाइल और नई टेक्नोलॉजी को सपोर्ट करने में सक्षम होगा। डिजाइन के मामले में भी कार में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। एक्सटीरियर और इंटीरियर दोनों में टाटा की नई डिजाइन लैंग्वेज झलक सकती है। पावरट्रेन में बड़े बदलाव की संभावना कम है।

## नई रेनो डस्टर 26 जनवरी को होगी लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** कार निमार्ता कंपनी रेनो की बहुप्रतीक्षित न्यू डस्टर को 26 जनवरी को लांच करने की तैयारी कर रही है। इस एसयूवी को एक बार फिर सड़क पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है, जिससे साफ संकेत मिलते हैं कि अब इसमें किसी बड़े बदलाव की गुंजाइश नहीं बची है। नई डस्टर में कई अहम अपडेट किए गए हैं, जो इसे मौजूदा मॉडल से पूरी तरह अलग पहचान देने वाले हैं। इस एसयूवी में ग्लोबल मार्केट में बिकने वाली डेसिया डस्टर से कई डिजाइन और फीचर एलिमेंट्स लिए गए हैं। इसे पूरी तरह से लोकलाइज्ड सीएमएफ-बी प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जिसे खास तौर पर भारतीय सड़कों और लागत को ध्यान में रखते हुए री-इंजीनियर किया गया है। डिजाइन की बात करें तो नई रेनो डस्टर का फ्रंट लुक पूरी तरह बदला हुआ नजर आता है। इसमें नई रेनो बैजिंग के साथ आकर्षक ग्रिल दी गई है.

## दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री हुई 18 लाख यूनिट, जीएसटी कटौती का असर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

नवंबर महीने में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर करीब 18 लाख यूनिट तक पहुंच गई। बिक्री के आंकडे में आए इस उछाल को जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर के रुप में देखा जा रहा है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती और कंपनियों द्वारा डीलरों को दिए गए आकर्षक ऑफर्स के चलते त्योहारी सीजन के बाद भी शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही, जिससे डीलरों ने इन्वेंट्री दोबारा भरने पर जोर दिया। आईसीआरए का मानना है कि इन सकारात्मक कारकों का असर आगे भी देखने को मिल सकता है। रेटिंग एजेंसी ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की वॉल्यूम ग्रोथ 6 से 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। इसमें जीएसटी कटौती, शहरी क्षेत्रों में खपत बढ़ने और सामान्य मानसून के चलते ग्रामीण मांग में सुधार से मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, थोक बिक्री के उलट नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। सालाना आधार पर रिटेल बिक्री 9.1 प्रतिशत घटी है। इसकी मुख्य वजह यह बताई गई है कि अक्टूबर



में दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिससे नवंबर में स्वाभाविक गिरावट देखने को मिली।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शादी के मौजूदा सीजन और जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर से डीलरों को ग्राहकों से लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में नवंबर में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई और इनकी बिक्री 1,17,335 यूनिट रही।

वित्त वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में कुल दोपहिया बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 6झ्7 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा बिक्री में सुधार के चलते इन्वेंट्री का स्तर भी बेहतर हुआ है।

## भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 10 अरब डॉलर से अधिक होगा

» **मुंबई, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 2025 में 10 अरब डॉलर से अधिक होगा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2025 में रियल एस्टेट में कुल 77 लेनदेन देखने को मिले हैं और इस दौरान कुल 10.4 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। यह लगातार दूसरा साल है, जब रियल एस्टेट में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है और 2024 में सेक्टर में कुल संस्थागत निवेश 8.9 अरब डॉलर रहा था।

2025 में निवेश के अलावा कुल 11.43 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता देखने को मिली है और यह निवेश अगले 3-7 वर्षों के दौरान देश के रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा। रियल एस्टेट सेक्टर की जानकार ने कहा, 2014 के बाद पहली बार, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 52 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है।

साथ ही, 2025 में मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण में दोगुनी वृद्धि यह दिखाती है कि निवेशक न केवल भारत की ग्रोथ स्टोरी पर दांव लगा रहे हैं, बल्कि हमारी स्थिर, आय-सृजन करने वाली संपत्तियों के माध्यम से



सक्रिय रूप से दीर्घकालिक संपत्ति का निर्माण कर रहे हैं। भारतीय आरईआईटी और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविस्ट्स) इस परिवर्तन के प्रमुख घटक के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है जो कि मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण का 56 प्रतिशत है। भारतीय निजी इक्विटी कंपनियों ने भी इसमें अतिरिक्त योगदान दिया है, जो कुल घरेलू पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत है। हालांकि, कुल गतिविधि के प्रतिशत के रूप में विदेशी संस्थागत निवेश में गिरावट आई है, लेकिन कुल विदेशी पूंजी निवेश में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारतीय रियल एस्टेट के बुनियादी सिद्धांतों में निरंतर विश्वास को दशार्ता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### आज जारी होगा मतदाता सूची का अंतरिम प्रकाशन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** पंचायत चुनाव की मतदाता पुनरीक्षण सूची 23 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता 30 दिसंबर तक इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे। प्रत्येक आपत्ति को निस्तारित करने के बाद छह फरवरी को अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद सूची में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को अंतरिम प्रकाशन विकासखंड कार्यालय, तहसील, संबंधित मतदान केंद्र और जिला निर्वाचन कार्यालय जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद दावे आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अगर किसी मतदाता को लगता है कि वह योग्य है फिर भी नाम कट गया है या फिर किसी को कुछ अपडेट करवाना है तो उनको आपत्ति दर्ज करवानी होगी। इसके लिए उन्हें 30 दिसंबर तक समय दिया जाएगा। इसके लिए वह संबंधित बीएलओ या फिर अन्य प्रशासनिक या चुनाव अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिस तथ्य पर आपत्ति की जाएगी उससे संबंधित साक्ष्य (दस्तावेज) भी मतदाता को उपलब्ध करवाना होगा। अगर आपत्ति सही पाई जाती है तो सूची में नाम दर्ज कर लिया जाएगा।

### क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुलेगा जानकारियों का पिटारा

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** गुरुग्राम-सोहना हाईवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे समेत अन्य हाईवे पर इन्फॉर्मेशन बोर्ड लगाने का काम शुरू हो गया है। इन्फॉर्मेशन बोर्ड पर लगे क्यूआर कोड स्कैन करते ही वाहन चालकों को मोबाइल पर कई तरह की जानकारियां मिल सकेंगी। इसमें हाईवे का नाम, टोल व मैनेजर, अस्पताल, पेट्रोल पंप और रेस्ट एरिया समेत अन्य शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे पर यात्रा सुरक्षा बढ़ाने और पारदर्शिता लाने के लिए इन्फॉर्मेशन बोर्ड लगवा रहा है। शहर में एनएचएआई के दिल्ली-जयपुर हाईवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, द्वारका एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी (निर्माणाधीन) हाईवे हैं। एनएचएआई की ओर से गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर बादशाहपुर के पास इंफॉर्मेशन बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

# हिस्ट्रीशीटर सोनू राठी के अवैध मकान को पुलिस ने किया ध्वस्त

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

भोंडसी थाना अंतर्गत अलीपुर गांव में सोमवार की दोपहर को हिस्ट्रीशीटर व संगठित अपराध में संलिप्त अपराधी नरेंद्र उर्फ सोनू राठी (39) के घर को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओपी सिंह के निर्देशों पर गुरुग्राम पुलिस ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की है। नरेंद्र उर्फ सोनू राठी गुरुग्राम का घोषित हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या सहित 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

सोमवार की दोपहर करीब 1.30 बजे भारी पुलिसबल अलीपुर गांव पहुंचा। जेसीबी की मदद से नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र उर्फ सोनू राठी के अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। हिस्ट्रीशीटर नरेंद्र उर्फ सोनू राठी ने मकान को कृषि योग्य भूमि (एग्रीकल्चर लैंड) पर बिना अनुमति बनाया हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हो।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार नरेंद्र उर्फ




सोनू राठी के खिलाफ वर्ष 2008 से वर्ष 2025 तक कुल 19 मामले दर्ज हैं। सोनू राठी अलीपुर गांव निवासी अशोक राठी के साथ आपराधिक रंजिश, गैंगवार, पैसों के लेन-देन और वर्चस्व की लड़ाई को लेकर लगातार चर्चा में रहा था। 16 नवंबर 2019 को उसने साथियों के साथ मिलकर गांव अलीपुर के अशोक राठी की उसके ही घर में घुसकर हत्या कर दी थी। इस वारदात में भोंडसी थाने में मामला दर्ज है और वर्तमान में अदालत में विचाराधीन है।

### साथियों के साथ मिलकर बनाया था गिरोह

अलीपुर गांव निवासी अशोक राठी की हत्या के बाद नरेंद्र उर्फ सोनू राठी ने अपने साथियों सलीम, रोहित उर्फ बॉबी सहित अन्य युवकों के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह बनाया। आरोपी नरेंद्र उर्फ सोनू राठी पर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त, रंगदारी/फिरौती, अपहरण, अपहरण का प्रयास, हत्या व हत्या का प्रयास, पुलिस पार्टी पर हमला, अवैध कब्जा व फायरिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

### अपहरण के प्रयास में जुलाई में हुआ था गिरफ्तार

जुलाई माह में 20 लाख रुपये न देने पर अपहरण करने के प्रयास के मामले में भोंडसी थाने पुलिस ने नरेंद्र उर्फ सोनू राठी को उसके दो साथियों घामडौज गांव निवासी मोहित व नरेश कुमार के साथ गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री और पायलट में हुई हाथापाई, पायलट पर एफआईआर दर्ज

एयरलाइन ने कहा- घटना के समय पायलट ऑफ-ड्यूटी था और यात्रा कर रहा था

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट द्वारा एक यात्री पर हमला करने के तीन दिन बाद, दिल्ली पुलिस को दोनों की शिकायतें मिलीं। पुलिस ने यात्री अंकित दीवान की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। अंकित दीवान ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर ऑफ-ड्यूटी पायलट ने उन पर हमला किया। अंकित दीवान ने घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीवान ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने कुछ स्टाफ सदस्यों के सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर लाइन तोड़ने पर चिंता जताई। इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट को सस्पेंड कर दिया है। पहले बयान जारी करते हुए एयरलाइन ने कहा कि घटना के समय पायलट ऑफ-ड्यूटी था और एक यात्री के तौर पर यात्रा कर रहा था। बयान में यह भी कहा गया है कि यह पूरी तरह से दो यात्रियों के बीच का निजी मामला था और इसका उसके प्रोफेशनल रोल या एयरलाइन से कोई लेना-देना नहीं था। एयरलाइन ने कहा कि वह अगले हफ्ते घटना के सभी पहलुओं की जांच के लिए एक आंतरिक जांच करेगी। सूत्रों ने पहले बताया था कि घटना के बाद ऑफ-ड्यूटी पायलट बाद में बेंगलुरु के लिए इंडिगो की फ्लाइट में सवार हो गया था। कैप्टन सेजवाल ने अंकित दीवान पर बहस में जाति-आधारित टिप्पणी करने और उनके परिवार की महिला सदस्यों, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है..

## गंगा लिंक एक्सप्रेसवे को मिली रफ्तार, निर्माण के लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान

**नोएडा, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट में नोएडा और आस-पास के क्षेत्रों के विकास को बड़ी सौगात दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड गंगा लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है, जिसके लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास और बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 74 किलोमीटर लंबे नए लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण करेगी। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बुलंदशहर के स्याना से शुरू होकर यमुना सिटी में फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इस 74 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे का करीब 21 किलोमीटर हिस्सा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना अथॉरिटी) क्षेत्र में आएगा। इसमें से लगभग 9 किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के रूप में बनाया जाएगा। इसके अलावा यमुना सिटी के सेक्टर क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय आवागमन को सुविधा मिलेगी। यमुना अथॉरिटी अपने क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अगले महीने से शुरू करेगी। इसके तहत 16 गांवों की करीब 740 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। जमीन अधिग्रहण के बाद एक्सप्रेसवे निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। अनुपूरक बजट में नोएडा के हेल्थ सेक्टर को भी प्राथमिकता दी गई है।

## भारत में आधार लिंक्ड भुगतान से जनकल्याण योजनाओं में लीकेज 12.7 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** भारत में ऐसे राज्य, जिन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं में भुगतान के लिए आधार लिंक्ड डिजिटल पेमेंट और बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन को अपनाया है, वहां वेलफेयर लीकेज करीब 12.7 प्रतिशत घट गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर की सरकारें हर साल नागरिकों को पब्लिक पेमेंट के तौर पर 21 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा बांटती हैं, लेकिन इसमें से 3 ट्रिलियन डॉलर धोखाधड़ी, गलती या इनएफिशिएंसी की वजह से बर्बाद हो जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन और डायरेक्ट डिजिटल ट्रांसफर ने राशन, पेंशन, एलपीजी सब्सिडी, उर्वरकों और ग्रामीण रोजगार के लिए मजदूरी भुगतान में बिचौलियों को समाप्त किया और इससे प्रशासनिक खर्च में कमी आई है। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ल्ड बैंक के अनुमान के मुताबिक भारत आधार आधारित भुगतान सिस्टम के माध्यम से बिचौलियों और जालसाजों को हटाकर करीब 10 अरब डॉलर की बचत कर सकता है। आधार ने दुनिया के कुछ सबसे बड़े सोशल सब्सिडी प्रोग्राम में एडमिनिस्ट्रेटिव लागत कम की है और लीकेज को भी घटाया है। इसमें कहा गया है कि आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान के सबूतों से पता चला है कि असली लाभार्थियों को बाहर किए बिना डिलीवरी में सुधार हुआ है।




# पिस्टल न देने पर मन्नू गैंग ने की थी शिवम की गोली मारकर हत्या

» **लोनी, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

11 दिसंबर को अल्वी नगर कॉलोनी के शिवम की गोली मारकर हत्या हिस्ट्रीशीटर मन्नू गैंग के अफसर और शहजाद ने की थी। रविवार रात दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे टोल गेट के पास से पुलिस ने गैंग दोनों को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। डाबर तालाब निवासी अफसर और अंकुर विहार के बलराम नगर निवासी शहजाद ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उन्हें पिस्टल की जरूरत थी लेकिन शिवम से मांगने पर जब उन्हें पिस्टल नहीं मिली तब उन्होंने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शिवम की हत्या के बाद वारदात के समय मौजूद उसके दोस्तों से पुलिस ने पूछताछ की थी। सभी ने अंजान लोगों के पहुंचने और गोली मारने की बात कही थी।

शुरूआती छानबीन के बाद और मुखबिर की सूचना पर हिस्ट्रीशीटर मन्नू गैंग का नाम सामने आया। इसके बाद




पुलिस ने सुराग के आधार पर आगे तलाश शुरू की। रविवार देर रात गढ़ी कटैया गांव के पास चेकिंग के दौरान सामने से आ रहे बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया लेकिन दोनों ने भागना शुरू कर दिया। पीछा करने पर दोनों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार अफसर के गोली लगी।

इसके बाद बाइक गिरने पर दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि आरोपियों के पास से मिली बाइक दिल्ली से चुराई गई थी। आपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला कि अफसर पर अलग-अलग राज्यों में लूट व चोरी के एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

## कोहरे में दृश्यता हुई कम उड़ान में हो रही देरी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** घने कोहरे के बीच दृष्यता कम होने से हिंडन एयरपोर्ट की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। बृहस्पतिवार को भी चार घंटे की देरी से मुंबई की उड़ान भरी गई। इसके साथ ही कोलकाता की भी दोनों उडानें तीन-तीन घंटे की देरी से भरी गई। उड़ानों में देरी की वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। घंटों यात्री टर्मिनल बिल्डिंग में ही इंतजार करते रहे। एक से ज्यादा उड़ानों के यात्री टर्मिनल के अंदर इकट्ठे होने से काफी भीड़भाड़ हो गई थी।

# डॉक्टर दंपति को उनकी न्यूड फोटो भेज मांगे रुपये, 35 हजार छीनकर भागे

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

थानाक्षेत्र के रहने वाले चिकित्सक दंपती को उन्हीं की एडिट न्यूड फोटो भेजकर ठग गिरोह के लोगों ने 25 हजार रुपयों की मांग की। रुपये देने के लिए आरोपियों ने चिकित्सक को अभयखंड बुलाया। यहां पहुंचते ही गिरोह के तीन-चार लोगों ने उन्हें घेरा और उनसे 35 हजार रुपये छीनकर भाग गए। मामला 15 दिसंबर का है और पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 21 दिसंबर को रात नई दिल्ली के कालकाजी स्थित गोविंद पुर निवासी विनोद और विजय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

दर्ज मामले में चिकित्सक ने बताया कि वह बाल रोग विशेषज्ञ हैं। 15 दिसंबर को वह अपने क्लीनिक पर मरीज देख रहे थे। तभी उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। बात कर रहे



व्यक्ति ने उनसे व्हाट्सएप पर मैसेज देखने की बात कही और कॉल काट दी। बताया कि आरोपी ने व्हाट्सएप पर उनकी व उनकी पत्नी के न्यूड फोटो भेजे थे जो फोटोशॉप से एडिट किए गए थे और सभी फोटो फेसबुक से लिए गए थे। आरोपी ने दोबारा कॉल की और फोटो वायरल करने की धमकी देकर 25 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने मना किया तब आरोपी ने रकम घटाकर पहले 20,000 और फिर 5000 रुपये पर बात तय हुई। रुपये देने के लिए ठगों ने उन्हें अभयखंड बुलाया। जब वह वहां पहुंचे तब एक कार ने उनका रास्ता रोक लिया। एक युवती गाड़ी से बाहर निकली और उनका नाम पूछकर पहचान की। इसके बाद 5000 रुपये मांगे। आरोप है कि जब वह जेब से रुपये निकालने लगे तभी एक तीसरी कार वहां आकर रुकी और उसमें से दो-तीन लोग उतरे। सभी एक साथ उनपर हमला करते हुए 35000 रुपये छीनकर भाग गए। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया। पुलिस ने कार के नंबर से ट्रेस किया और मालिक का पता लगाया। गिरफ्तारी के लिए जब वह कार के मालिक विनोद के घर नई दिल्ली गए तब वह घर पर नहीं मिला। वहीं गाड़ी की लोकेशन के आधार पर पुलिस गाजीपुर पहुंची लेकिन गाड़ी भी नहीं मिली।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग को ट्रेस कर लिया गया है। कुछ मुख्य सुराग हाथ लगे हैं। थाना पुलिस व एसओजी टीम दबिश के लिए भेजी गई है। जल्द ही गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

++++++++++++++

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बॉक्सिंग डे टेस्ट से वापसी कर सकते हैं रिचर्डसन




**मेलबर्न, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन के 26 दिसंबर से मेलबर्न में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेलने की संभावना है। रिचर्डसन ने कहा है कि वह अपनी कंधे की सर्जरी से उबर गये हैं और एशेज में वापसी के लिए तैयार हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम इस सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है। ऐसे में चौथे टेस्ट में कप्तान पैट कमिंस शायद ही खेलें। अगर अपनी फिटनेस बनाये रखने के लिए जोखिम से बचना चाहते हैं। ऐसे में अगर वह नहीं खेलते हैं मेलबर्न और सिडनी में होने वाले बचे हुए दो मैच के लिए उनकी जगह पर खेलने के लिए रिचर्डसन के अलावा ब्रेंडन डॉगेट और माइकल नेसर भी रेस में रहेंगे हालांकि एक रिपोर्ट के अनुसार रिचर्डसन को टीम में शामिल किए जाने की संभावना सबसे ज्यादा है। इसके संकेत इससे भी मिलते हैं कि रिचर्डसन ने एडिलेड से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ट्रेनिंग की थी। रिचर्डसन को पिछली बार बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ भी टीम में शामिल किया गया था। इसके बाद वह लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को ठीक करने के लिए कंधे की सर्जरी कराने चले गये थे और बाद से ही उससे उबरने में लगे थे। रिचर्डसन ने हाल के महीनों में धीरे-धीरे वापसी की है। ग्रेड क्रिकेट से शुरूआत करने के बाद उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के लिए खेला। इसके बाद उन्होंने लायंस के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेला। रिचर्डसन ने साल 2018-19 में डेब्यू करने के बाद से तीन टेस्ट मैच खेले हैं। इस तेज गेंदबाज ने 22.09 की औसत से 11 विकेट लिए हैं। वहीं कमिंस ने कहा कि तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड को चोट का डर नहीं है। ये दोनों ही फिट हैं। इसको देखते हुए वह बचे हुए दोनो मैचों से बाहर होने पर विचार कर रहे हैं ताकि किसी अन्य खिलाड़ी को अवसर मिल सके।



## पति के साथ शादी की सालगिरह मना रही टिस्का चोपड़ा ने साझा की यादें

बॉलीवुड अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा अपने पति संजय चोपड़ा के साथ शादी की सालगिरह मना रही हैं। सोशल मीडिया के जरिए इस खास मौके पर टिस्का चोपड़ा ने अपने वैवाहिक जीवन की झलक साझा की और पति को बेहद प्यार भरे अंदाज में एनिवर्सरी की बधाई दी। अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। टिस्का चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति संजय चोपड़ा के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दोनों के बीच की मजबूत बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आती है। कहीं दोनों मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं तो कहीं एक-दूसरे को गले लगाते हुए। इन तस्वीरों के साथ टिस्का ने एक भावुक और सादा सा कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपने रिश्ते की खूबसूरती बयां की। उन्होंने लिखा कि वे आज भी साथ में नाचते हैं, कभी-कभी हल्की नोक-झोंक होती है और वे अब भी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हैं। इस पोस्ट के सामने आते ही फैंस और सेलेब्स ने कमेंट सेक्शन में दंपति को ढेरों शुभकामनाएं दीं। टिस्का चोपड़ा ने एयर इंडिया के पायलट संजय चोपड़ा से साल 1997 में शादी की थी। उनकी लव स्टोरी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रही है। दोनों की पहली मुलाकात उस वक्त हुई थी, जब संजय मुंबई में एयर इंडिया हॉस्टल में रहते हुए दोस्तों के साथ रहने के लिए फ्लैट की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी टिस्का से बातचीत हुई। उस समय टिस्का अभिनेत्री नहीं थीं, बल्कि एयर होस्टेस के तौर पर काम कर रही थीं।

## एशेज सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस, टी20 विश्व कप 2026 में खेलना भी अनिश्चित

» **मेलबर्न, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

ऑस्ट्रेलिया द्वारा मेलबर्न टेस्ट के लिए घोषित की गई टीम से बाहर रहे कप्तान पैट कमिंस अब पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। कमिंस का टी20 विश्व कप 2026 में खेलना भी निश्चित नहीं है।

मंगलवार को, हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पैट कमिंस के एशेज सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर होने की पुष्टि की।

मैकडोनाल्ड ने मेलबर्न में पत्रकारों से कहा, वह बाकी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उसकी वापसी को लेकर हम काफी समय से इस पर बात कर रहे थे। हां, हम कुछ रिस्क ले रहे थे। अब हम सीरीज जीत चुके हैं, और यही लक्ष्य था। उसे और रिस्क में डालना और लंबे समय के लिए खतरे में डालना, हम ऐसा नहीं करना चाहते। पैट की भी इसमें सहमति है।

उन्होंने आगे कहा, ह्नउनकी वापसी का श्रेय उन्हें और मेडिकल टीम को जाता है। उसे वापस लाने और उस गेम में छह विकेट लेने और एशेज सीरीज जीतने का मौका मिलना इससे जुड़े सभी लोगों के लिए बहुत खुशी की बात थी। कमिंस के टी20 विश्व कप खेलने की संभावना पर हेड कोच ने कहा कि हमें उम्मीद है, लेकिन मैं अभी सच में कुछ नहीं कह सकता। यह देखना बाकी है कि कमिंस फरवरी में शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अवेलेबल होंगे या नहीं। मैकडॉनल्ड ने कहा, मैं अभी सच में कुछ नहीं कह सकता, हमें उम्मीद है। मुझे लगता है कि किसी समय उसकी पीठ की जांच होगी।

> **मैकडोनाल्ड ने मेलबर्न में पत्रकारों से कहा, वह बाकी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उसकी वापसी को लेकर हम काफी समय से इस पर बात कर रहे थे। हां, हम कुछ रिस्क ले रहे थे। अब हम सीरीज जीत चुके हैं, और यही लक्ष्य था।**




## कृति-पुलकित सुर्खियों में



बॉलीवुड की पसंदीदा जोड़ियों में शामिल कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट अपनी केमिस्ट्री और सादगी भरे रिश्ते को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। दोनों सोशल मीडिया और इंटरव्यू में एक-दूसरे के लिए प्यार जताने से नहीं हिचकते। हाल ही में कृति ने अपने रिश्ते से जुड़ा एक बेहद निजी और भावुक किस्सा साझा किया, जिसने यह साफ कर दिया कि पुलकित ही उनके जीवनसाथी बनने वाले थे। करण जौहर के साथ बातचीत के दौरान कृति ने बताया कि उनके और पुलकित के रिश्ते की वह घड़ी किसी ग्लैमर, शोहरत या लग्जरी से जुड़ी नहीं थी, बल्कि एक बेहद साधारण पल था। यह किस्सा उस समय का है जब दोनों देर रात बांद्रा की सड़कों पर ड्राइव कर रहे थे और अपने रिश्ते को अब तक निजी ही रखा हुआ था। उसी दौरान एक महंगी लेम्बॉर्गिनी उनके पास से गुजरी। सहज जिज्ञासा में कृति ने पुलकित से पूछ लिया कि अगर उनके पास बहुत सारा पैसा हो तो वह उसका क्या करेंगे। पुलकित ने बिना सोचे जवाब दिया कि वह एक गुरुद्वारा बनवाना चाहेंगे, जहां दिन-रात लंगर चलता रहे। कृति के मुताबिक, यही वह पल था जब उन्हें महसूस हुआ कि पुलकित वही इंसान हैं, जिनके साथ वह पूरी जिंदगी बिताना चाहती हैं। उस एक जवाब में छुपी दरियादिली और इंसानियत ने उनका दिल जीत लिया। कृति ने यह भी बताया कि पुलकित को खाने और लोगों को खिलाने का बेहद शौक है।



## अक्षय खन्ना रातों-रात स्टार नहीं बने, यह बरसों की मेहनत का नतीजा है: अमीषा पटेल

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री अमीषा पटेल पिछली बार फिल्म गदर 2 में नजर आई थी। अभिनेत्री ने हाल ही में आईएएनएस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अभिनेता अक्षय खन्ना के अभिनय की तारीफ की। अभिनेत्री ने बताया, अक्षय खन्ना के साथ डेब्यू फिल्म हिमालय पुत्र के लिए पहले मेरे लिए माता-पिता से कहा गया था, लेकिन उस दौरान मैं अमेरिका में पढ़ाई कर रही थी और मैं बहुत युवा थी। ज्यादा फिल्मों में दिलचस्पी भी नहीं थी। इसलिए मैंने वह प्रस्ताव ठुकरा दिया था। हालांकि, किस्मत ने मुझे बाद में अक्षय के साथ दो फिल्में करने का मौका दिया था। मैंने उनके भाई राहुल और पिता विनोद खन्ना के साथ भी काम किया है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग कह रहे हैं कि अक्षय रातों रात स्टार बन गए, ऐसा नहीं है। यह कई रातों की कड़ी मेहनत का नतीजा है, जो अब जाकर सभी को दिखाई दिया है। मैं उनकी सफलता पर बहुत खुश हूं। इसी के साथ फिल्म बॉर्डर-2 को लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित है। इस फिल्म में उनके गदर को-स्टार सनी देओल भी हैं, जिसे लेकर अभिनेत्री ने कहा, जहां पर सकीना के तारा सिंह हो, वहां पर 1000 करोड़ की कमाई तो पक्की है। मैं फिल्म के लिए बहुत एक्साइटेड हूं और पूरी टीम को मेरी तरफ से ढेर सारा प्यार।




27 दिसंबर को अभिनेता सलमान खान का जन्मदिन आ रहा है। अभिनेता को खास दिन की बधाई देते हुए अभिनेत्री ने कहा, सलमान को मेरी तरफ से जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। मैं दुआ करती हूं कि उन्हें सभी की उम्र लग जाए, स्वास्थ्य अच्छा रहे और वे हमें एक से बढ़कर एक शानदार फिल्में देते रहें। सलमान बहुत नेकदिल इंसान और बेहतरीन अभिनेता हैं। ठअपनी और सलमान की ऑन-स्क्रीन जोड़ी पर अमीषा ने हंसते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर फैंस के कमेंट्स पढ़कर मजा आता है। वे बोलीं, फैंस हमें साथ देखकर खुश हैं, लेकिन सलमान सिंगल रहकर खुश हैं और मैं भी अपनी जिंदगी से संतुष्ट हूं। अभिनेत्री ने आखिरी में सभी फैंस को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# पेंटागन की कार्यसंस्कृति में बदलाव के संकेत, रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा- सेना में फिर से मजबूत होगी योद्धा भावना

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि पेंटागन की कार्यसंस्कृति और सोच में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। उनके अनुसार, ट्रंप सरकार अमेरिकी सेना में फिर से योद्धा भावना को मजबूत कर रही है और पॉलिटिकल करेक्टनेस जैसी नीतियों से दूरी बना रही है।

सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मार-ए-लागो में आयोजित प्रेस वार्ता में हेगसेथ ने कहा कि रक्षा विभाग अब योग्यता, तैयारी और दुश्मन को रोकने की क्षमता पर दोबारा ध्यान दे रहा है, ताकि अमेरिका की सेना को फिर से मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने योग्यता-आधारित प्रणाली को



कानून बनाया है और डीईआई तथा पॉलिटिकल करेक्टनेस जैसी नीतियों को हटाया गया है। हेगसेथ के अनुसार, इन फैसलों का असर सेना की भर्ती और मनोबल पर दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि सेना में फिर से उत्साह लौट रहा है और रिकॉर्ड संख्या में भर्तियां हो रही हैं। अमेरिका अपनी सेना को दोबारा खड़ा कर रहा है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार सीमा, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे कई क्षेत्रों में अपनी ताकत बढ़ाकर विरोधियों को रोकने की नीति पर काम कर रही है। उनके मुताबिक, मजबूती ही टकराव को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि जहाज निर्माण और नई तकनीकों में किया जा रहा निवेश यह दिखाता है कि सरकार लंबे समय के लिए सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस ने भारत-बंगलादेश से तनाव कम करने का किया आग्रह

**ढाका, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** बंगलादेश में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर जी खोज़िन ने सोमवार को बंगलादेश और भारत दोनों देशों से उनके बीच जारी तनाव को और बढ़ने से रोकने का रास्ता खोजने का आग्रह किया। ढाका में रूसी दूतावास में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री खोज़िन ने कहा कि बंगलादेश के आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले एक अनुकूल वातावरण बनाया जाना चाहिए और भारत के साथ तनाव कम करना आवश्यक है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, उन्होंने आगे कहा कि जितनी जल्दी दोनों देशों के बीच तनाव कम हो जाए, उतना ही अच्छा है।

### विदेश मंत्री जयशंकर आधिकारिक दौरे पर पहुंचे कोलंबो

**कोलंबो, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका के आधिकारिक दौरे पर सोमवार शाम कोलंबो पहुंचे। श्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो की यात्रा पर हैं। खबरों के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य चक्रवात दितवाह से प्रभावित श्रीलंका को भारत के समर्थन की पुष्टि करना है। अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री श्रीलंकाई राष्ट्रपति और सरकार के अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे। इस सप्ताह ऑपरेशन सागर बंधु के अंतर्गत भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल दल ने श्रीलंका में अपना मानवीय मिशन पूरा किया और भारत लौट आया, इस दौरान प्रभावित समुदायों को सहायता प्रदान करने में दल की समर्पित एवं पेशेवर सेवा की सराहना की गई।

### बंगबंधु छात्रावास का नाम अब शहीद शरीफ उस्मान हादी के नाम पर होगा

**ढाका, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की लहर अब शैक्षणिक संस्थानों के नामकरण तक पहुंच गई है। ढाका विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान छात्रावास का नाम बदलकर अब छात्र आंदोलन के दिवंगत नेता शरीफ उस्मान हादी के नाम पर रख दिया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह परिवर्तन शनिवार रात को छात्रों के एक समूह और छात्रावास संगठन हॉल यूनियन द्वारा किया गया। शरीफ उस्मान हादी एक उभरते हुए युवा नेता थे..

# विपक्ष से क्या डर गए पीएम शहबाज ! बातचीत को तैयार



**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

पाकिस्तान की सियासत फिर करवट ले रही है। लामबंद विपक्ष ने एक मंच से सरकार की नाकामियां गिनाईं और सरकार के खिलाफ आगामी साल 8 फरवरी को ब्लैक डे मनाने का ऐलान किया। इस फैसले के सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर छाते ही हुक्मरान थोड़ा असहज हो गए। पहले रसूखदार मंत्री, इमरान खान को लेकर बात न करने का संकल्प ले रहे थे, तो अब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्पष्ट कह दिया कि वे बातचीत को तैयार हैं। शरीफ ने मंगलवार को कहा कि वह विपक्ष के साथ बातचीत के अपने प्रस्ताव को दोहरा रहे हैं। साथ ही, इस बात पर भी जोर दिया कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत केवल वैध मामलों पर ही आगे बढ़ सकती है।

दरअसल, 21 दिसंबर को, विपक्षी गठबंधन तहरीक तहफ्फुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे और आखिरी दिन, प्रतिभागियों ने सरकार की नाकामियां गिनाईं, अर्थव्यवस्था की बदहाली का ब्योरा दिया और चरमराई कानून व्यवस्था का हवाला दिया। 8 फरवरी 2023 में जो सरकार चुनी गई उसकी वैधता पर भी सवाल खड़े किए और इसकी बरसी को ही 8 फरवरी 2026 में मनाने का फैसला लिया।

इस दौरान कुछ दलों ने आवाम की बेहतरी के लिए संवाद कायम करने की भी बात कही थी। प्रधानमंत्री का यह प्रस्ताव इस्लामाबाद में एक संघीय कैबिनेट बैठक के दौरान दिया गया, जहां उन्होंने विपक्ष की पीटीआई (पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ) और उसके साथियों द्वारा बातचीत के बारे में बात करने की खबरों का जिक्र किया। यहां शरीफ याद दिलाना नहीं भूले कि उन्होंने पहले भी कई मौकों पर ऐसी पेशकश की है, जिसमें असेंबली भी शामिल है, और विपक्ष को बातचीत के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा, अगर वे इसके लिए तैयार हैं, तो पाकिस्तान सरकार निश्चित रूप से तैयार है, और कहा कि देश की प्रगति और समृद्धि के लिए सभी राजनीतिक दलों के बीच सद्भाव जरूरी है। शरीफ ने इसके साथ ही कहा कि बातचीत की आड़ में कोई ब्लैकमेलिंग नहीं होनी चाहिए और बातचीत केवल वैध मामलों को लेकर ही आगे बढ़ सकती है। विपक्षी दलों के सम्मेलन में टीटीएपी का मानना था कि मौजूदा राष्ट्रीय संकट को देखते हुए, देश को पहले से कहीं ज्यादा एक नए लोकतंत्र चार्टर की जरूरत है।

# बांग्लादेश में बढ़ रहे चरमपंथियों को संरक्षण दे रही यूनुस सरकारः शेख हसीना

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

बीते दिनों भारत विरोधी और कट्टरपंथी युवा छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने भारत के इस निकट पड़ोसी देश की सत्ता पर वर्तमान में काबिज अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। इसके अलावा उन्होंने अपने देश से जुड़े हुए कई अन्य मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी है। जिसमें हिंसा और तनाव से भारत-बांग्लादेश संबंधों पर पड़ते प्रभाव, अपने बांग्लादेश प्रत्यर्पण का भी जिक्र किया गया है। एक साक्षात्कार में शेख हसीना ने कहा कि बांग्लादेश के मौजूदा हालातों के लिए पूरी तरह से मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि उसी के शासनकाल में हुई कट्टरपंथी छात्र नेता हादी की अचानक मौत के बाद तनाव बढ़ा है। जो इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है कि ढाका में कानून-व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है और चरमपंथी तत्वों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है यानी वो बड़े



पैमाने पर फल-फूल रहे हैं। अंतरिम सरकार में कैबिनेट रैंक पर चरमपंथियों के अलावा कानून द्वारा सजा पाए आतंकवादियों को बिठाया गया है।

यहां बता दें कि अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए उग्र छात्र आंदोलन की वजह से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना देश छोड़कर भारत आना पड़ा था। इसके बाद से वह यहां पर शरण लिए हुए हैं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कि पिछले साल मुझे सत्ता से हटाने के बाद से लगातार बांग्लादेश के हालात खराब होते जा रहे हैं। जिनका केवल बांग्लादेश की आंतरिक स्थिति पर ही नहीं बल्कि पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा। भारत भी इसमें प्रमुख रूप से शामिल है।

# बांग्लादेश में हिंसा पर यूएन ने जताई चिंता, कहा- अल्पसंख्यकों को सुरक्षित महसूस कराने की जरूरत


**» संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर गहरी चिंता जताई है। उनके प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले सभी लोगों, खासकर अल्पसंख्यकों को सुरक्षित महसूस होना चाहिए। प्रवक्ता ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और हाल ही में हिंदुओं की लिंचिंग के बारे में पूछे जाने पर कहा, सभी बांग्लादेशियों को सुरक्षित महसूस करने की जरूरत है। हम बांग्लादेश में देखी गई हिंसा को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने साफ कहा कि बांग्लादेश हो या कोई और देश, जो लोग बहुसंख्यक समाज का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें भी पूरी सुरक्षा मिलनी चाहिए। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेगी। इंकलाब मंच से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी



है। बताया गया है कि इस महीने की शुरूआत में हुए एक हमले के बाद उनकी मौत हो गई थी।

पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हिंसा की घटनाएं शुरू हुई थीं, जो हाल के दो हफ्तों में फिर से गंभीर रूप ले चुकी हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे हिंदुओं को भी भीड़ ने टारगेट किया, जिनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। केवल उनके धर्म के कारण उन्हें निशाना बनाया गया। हिंसा की नई घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क ने शांति बनाए रखने और हिंसा रोकने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि बदला और प्रतिशोध समाज में और गहरी दरारें पैदा करेगा और सभी के अधिकारों को नुकसान पहुंचाएगा।



लेबनान में इजरायली ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त नजर आ रही एक कार। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी।

# हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला

## घर में घुसकर गोली मारी, कान के आर-पार निकली, हालत गंभीर

**ढाका, यूटर्न/ 23 दिसम्बर।** बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला हुआ है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खुलना में सोमवार दोपहर 12 बजे नेशनल सिटिजन्स पार्टी के नेता मोहम्मद मोतालेब शिकदर को घर में घुसकर गोली मार दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावरों ने सीधे मोतालेब के सिर को निशाना बनाकर फायरिंग की। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, शुरूआत में उनकी हालत काफी नाजुक थी। डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके कान के एक तरफ से अंदर गई और फिर त्वचा को चीरते हुए कान की दूसरी तरफ से बाहर निकल गई। यानी गोली सिर के अंदर या दिमाग तक नहीं पहुंची, इसलिए गंभीर अंदरूनी चोट नहीं हुई। पुलिस अधिकारी अनिमेष मंडल ने कहा कि गनीमत रही कि गोली दिमाग तक नहीं पहुंची, जिससे उनकी जान बच गई।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *